विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2025 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-14 का उत्तरालेख्य।

| प्रश्न संख्या | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 14 | (क) क्या दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-कौशाम्बी में डी0डी0आर0एस0 के तहत सत्र 2024-2025 के प्रस्ताव को जनपद से समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कराते हुये कार्यवाही कराये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 04 अप्रैल 2025 जो कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ? | जी हाँ, प्राप्त हुआ है। |
| | (ख) यदि हॉ, तो उक्त पत्र के मुख्य बिन्दु क्या थे और उक्त के क्रम में क्या कार्यवाही पूर्ण करा दी गयी है ? | उक्त पत्र के माध्यम से डी0डी0आर0एस0 योजना के तहत सत्र 2024-25 के जनपद-कौशाम्बी के प्राप्त प्रस्तावों पर जनपद स्तर से कार्यवाही के संबंध में श्री सूरज कुमार द्विवेदी, जनपद कौशाम्बी के अनुरोध पर कार्यवाही की अपेक्षा की गयी है।<br>जनपद कौशाम्बी में जनपद स्तर पर भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर प्राप्त 02 प्रस्ताव वृन्दावन शिक्षा एवं जन कल्याण समिति, सरसवा कौशाम्बी एवं ग्रामोदय जन सेवा संस्थान मखऊपुर चायल, कौशाम्बी प्राप्त हुये है। जिसमें से वृन्दावन शिक्षा एवं जन कल्याण समिति, सरसवा, कौशाम्बी का प्रस्ताव शासन के अशासकीय पत्र संख्या-996/65-1099/1080/2019, दिनांक 31.07.2025 द्वारा राज्य सरकार की संस्तुति सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली को प्रेषित किया गया है।<br>संस्था ग्रामोदय जन सेवा संस्थान, |

| | | |
|---|---|---|
| | | मखऊपुर चायल, कौशाम्बी के संचालन के संबंध में कतिपय बिन्दुओं पर स्थिति स्पष्ट कराने हेतु संबंधित संस्था को ऑनलाइन प्रस्ताव वापस कर दिया गया है एवं अद्यतन प्रस्ताव संस्था के स्तर पर लम्बित प्रदर्शित हो रहा है।<br>शासन के पत्र संख्या-947/65-1-2025-(सी0क्यू0)/2025, दिनांक 29.07.2025 द्वारा अपेक्षित बिन्दुओं का निराकरण करते हुये प्रस्ताव सचिव/प्रबन्धक, ग्रामोदय जन सेवा संस्थान, मखऊपुर चायल, कौशाम्बी से ऑनलाइन पोर्टल पर प्रेषित किये जाने की अपेक्षा की गयी है। |
| | (ग) यदि नहीं, तो क्यों और कब तक कार्यवाही पूर्ण करायेंगे। | उपरोक्तानुसार। |

नरेन्द्र कश्यप
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग।